आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- द्वीपों के उप–राज्यपाल ने द्वीपवासियों को ”नए साल 2026 की शुभकामनाएं देते हुए कहा –यह साल नई आशा तथा दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा।
- सरकार ने 100 मिलीग्राम से अधिक निमेसुलाइड युक्त सभी दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- पांच दिवसीय द्वीप पर्यटन महोत्सव का कल समापन हो गया। सरकारी श्रेणी में मत्स्य विभाग ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया।
- जहाज एम.वी. नालंदा अपने निर्धारित कार्यक्रम के बजाय आज शाम 4 बजे कैम्पबेल बे के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को ”नए साल 2026 की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि नया साल हमें अपनी साझा यात्रा पर विचार करने, अपने सामूहिक संकल्प को नवीनीकृत करने और नई आशा तथा दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आने वाला वर्ष द्वीपों में निरंतर प्रगति और विकास का साक्षी बनेगा, जिसे एकता, आपसी सहयोग और समावेशी विकास के प्रति साझा प्रतिबद्धता से और मजबूती मिलेगी। उप–राज्यपाल ने कहा कि हम प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने, सतत विकास सुनिश्चित करने, बेहतर शासन और प्रत्येक द्वीपवासी के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में निरंतर काम करते रहेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नव वर्ष सभी के लिए उत्तम स्वास्थ्य, शांति, समृद्धि और खुशियां लेकर आए। सांसद बिष्णु पद रे ने नए साल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नया साल हर घर में शांति, उत्तम स्वास्थ्य, समृद्धि और खुशियां लेकर आए और यह द्वीपसमूह एकता, सद्भाव और सामूहिक प्रयासों के साथ निरंतर प्रगति करता रहे। मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव डी. अय्यप्पन और आटो के अध्यक्ष एम विनोद ने भी नववर्ष के अवसर पर द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

<><><><><><><>

सरकार ने 100 मिलीग्राम से अधिक निमेसुलाइड युक्त सभी दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि ये कदम औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड के

परामर्श से उठाया गया है। इसमें बताया गया कि निमेसुलाइड युक्त सभी दवाओं का उपयोग स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा से जुड़े श्रमिक विकसित भारत – रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 के अंतर्गत पूरी तरह सुरक्षित हैं। श्री चौहान ने मनरेगा के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बातचीत में यह बात कही। वेतन और मानदेय राशि के भुगतान को लेकर चिंताओं पर श्री चौहान ने कहा कि प्रशासनिक मदों के अंतर्गत व्यय की सीमा छह प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत कर दी गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के चीफ ऑफ स्टाफ, रियर एडमिरल बिप्लब होता ने 17 महीनों से अधिक की अपनी सेवा के बाद, कल 'लोक निवास' में उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से विदाई मुलाकात की। उपराज्यपाल ने प्रशासन को उनके द्वारा दिए गए निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त ने कहा है कि ग्राम पंचायतों या स्थानीय पंचायत अधिकारियों को फिश लैंडिंग जेटी के पास न्यू वांडूर बीच पर ग्लास बॉटम बोट, पैरासेलिंग या किसी भी अन्य संबद्ध गतिविधियों के संचालन के लिए अनुमति, अनुमोदन या अनापत्ति प्रमाण पत्र देने का अधिकार नहीं है। वर्तमान नियमों, दिशा–निर्देशों और सुरक्षा विनियमों के अनुसार, जहाजों और नौकाओं के संचालन की अनुमति देने का विशेष अधिकार केवल पत्तन प्रबंधन बोर्ड और दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय के पास है। इस संबंध में सभी हितधारकों वैध अनुमति प्राप्त करने हेतु केवल निर्दिष्ट सक्षम अधिकारियों से संपर्क करने और निर्धारित मानदंडों, सुरक्षा मानकों और लागू कानूनी प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

पांच दिवसीय द्वीप पर्यटन महोत्सव का कल समापन हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन, नए साल की पूर्व संध्या पर प्रदर्शनी मैदान में भारी भीड़ देखी गई। समापन अवसर पर सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशक विनायक चामडिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ स्टालों को पुरस्कार प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने सभी विभागों, कलाकारों, प्रतिभागियों, स्टाल मालिकों,

सुरक्षा कर्मियों और द्वीपवासियों का आभार व्यक्त किया। सरकारी स्टाल श्रेणी में मत्स्य विभाग को प्रथम, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद को द्वितीय और जनजातीय कल्याण विभाग को तृतीय स्थान हासिल हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र और दक्षिणी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र सहित अन्य कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा द्वीपों के अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम पेश किए गए।

<><><><><><><>

जहाज एम.वी. नालंदा के निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। तीन जनवरी को श्री विजयपुरम से कार निकोबार और ननकौड़ी होकर कैम्पबेल बे जाने वाला यह जहाज, अब आज शाम 4 बजे हैडो जेट्टी से रवाना होगा। यात्री अपने पुराने टिकटों पर ही इस संशोधित कार्यक्रम के अनुसार यात्रा कर सकते हैं। जहाज इन्हीं मार्गों से होते हुए चार जनवरी को श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा।

<><><><><><><>

अति विशिष्ट अतिथियों के दौरे को देखते हुए पर्यावरण एवं वन विभाग के अंतर्गत फॉरेस्ट रेंजर के पद के लिए तीन और चार जनवरी को होने वाले परीक्षा केन्द्र को बदलकर अब कार्मेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कर दिया गया है। पहले यह परीक्षा डीब्रेट में निर्धारित की गई थी। विभाग द्वारा जारी किए गए हॉल टिकट और अन्य सभी नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

<><><><><><><>

प्रशासन की ओर से संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा के आवेदकों की सुविधा के लिए एक 'सुधार विंडो' खोली जा रही है। यह विंडो सात जनवरी सुबह 11 बजे से 13 जनवरी की मध्यरात्रि तक खुली रहेगी। erecruitment.andamannicobar.gov.in के माध्यम से उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र में हुई किसी भी त्रुटि को सुधार सकते हैं। उम्मीदवारों का परीक्षा पाठ्यक्रम प्रशासन की आधिकारिक पोर्टल पर ही कल 11 बजे से उपलब्ध रहेगा।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र श्री विजयपुरम के नियमित कार्यक्रमों के प्रसारण समय में संशोधन किया गया है। नए संशोधन के अनुसार अब कार्यक्रमों का प्रसारण सोमवार से शुक्रवार तक शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा, जो आज से प्रभावी हो गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड, वृंदावन ग्राम पंचायत के सहयोग से, निर्माण श्रमिकों के लिए एक जागरूकता–सह–पंजीकरण शिविर का आयोजन करने जा रहा है। शिविर 3 जनवरी को सुबह 10 बजे से ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित होगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य निर्माण श्रमिकों को बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना और मौके पर ही उनका पंजीकरण सुनिश्चित करना है। वृंदावन और उसके आसपास के सभी निर्माण श्रमिकों को इस अवसर का लाभ उठाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत फरारगंज में 'ग्राम पंचायतों में स्वयं के राजस्व स्रोत उत्पन्न करने हेतु व्यवहार्य वित्तीय मॉडल तैयार करने' पर हाल ही में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य फरारगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायतों के प्रधानों और पंचायत सचिवों को प्रभावी OSR सृजन के माध्यम से वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सशक्त बनाना था। कार्यक्रम के दौरान, OSR सृजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को खंड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा ने सम्मानित किया।

<><><><><><><>